# फतेहगढ़ पुलिस

## प्रेस नोट – कोतवाली मोहम्मदाबाद

## दिनांक - 15.01.2026

**कोतवाली मोहम्मदाबाद पुलिस द्वारा हत्या के आरोप में वांछित अभियुक्त को आलाकत्ल 01 सीमेन्टेड ईंट का टुकडा व हत्या में प्रयोग की गई पिकअप गाड़ी सहित किया गया गिरफ्तार।**

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर श्री आलोक सिंह के निर्देशन, श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर रेंज कानपुर श्री हरीश चन्दर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली मोहम्मदाबाद पर पंजीकृत मु0अ0सं0 09/2026 धारा 352/103(1)/238 बीएनएस व 3(2)V SC/ST एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त राजेश पुत्र कलेक्टर बाथम निवासी ग्राम गैसिंगपुर कोतवाली मोहम्मदाबाद जनपद फतेहगढ़ को मुखबिर की सूचना पर आलाकत्ल 01 सीमेन्टेड ईंट का टुकडा व हत्या में प्रयोग की गई पिकअप गाड़ी सहित गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।



**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता:-**

01. राजेश पुत्र कलेक्टर बाथम निवासी ग्राम गैसिंगपुर कोतवाली मोहम्मदाबाद जनपद फतेहगढ़।

**घटना का विवरण:-** दिनांक 11.01.2026 को डायल 112 द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि खाटू श्याम मन्दिर के पीछे खटा रोड तेरा गांव के सामने एक अज्ञात पुरुष का शव उम्र करीब 30 वर्ष पडा हुआ है। सूचना पर तत्काल स्थानीय पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा/पोस्टमार्टम की कार्यवाही कर अज्ञात शव की शिनाख्त हेतु सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से प्रचार-प्रसार किया गया। जिसके क्रम में अज्ञात शव की शिनाख्त उसके परिजनों द्वारा राजेश पुत्र प्रेमचन्द्र निवासी ग्राम गैसिंगपुर थाना कमालगंज जनपद फतेहगढ़ के रूप में की गयी तथा मृतक के पिता की तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर दिनांक 13.01.26 को मु0अ0सं0 09/2026 धारा 352/103(1)/238 बीएनएस व 3(2)V SC/ST एक्ट बनाम राजेश पुत्र कलेक्टर बाथम उपरोक्त आदि 02 नफर पंजीकृत कर विवेचना के क्रम में वांछित अभियुक्त राजेश उपरोक्त को मुखबिर की सूचना पर आलाकत्ल 01 सीमेन्टेड ईंट का टुकडा व हत्या में प्रयोग की गई पिकअप गाड़ी सहित गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण –** अभियुक्त से पूछताछ करने पर अभियुक्त राजेश उपरोक्त ने बताया कि मेरी टिर्री का चार्जर राजेश पुत्र प्रेमचन्द्र ने चुरा लिया है इसी शक में चार्जर के बारे में पूछने के लिए मैं राजेश को अजीत के साथ पिकअप में बैठाकर खाटू श्याम मन्दिर के पीछे ले गये थे। राजेश ने जब कुछ नही बताया तो मैने उसके सिर पर पास में पडा सीमेन्टेंड ईट का टुकडा मार दिया था तथा मरा समझकर बगल की झाडियों में खिसका दिया था। आगे अपने जुर्म की माँफी मांगते हुए अपने बयान माननीय न्यायालय के समक्ष देना बताया।

**बरामदगी का विवरण:-**

01. आलाकत्ल 01 सीमेंटेड ईंट का टुकडा
02. एक पिकअप गाडी नम्बर UP76 AT 2605 अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज

**अभियुक्त राजेश उपरोक्त का आपराधिक इतिहास –**

01. मु0अ0सं0 09/2026 धारा 352/103(1)/238 बीएनएस व 3(2)V SC/ST एक्ट कोतवाली मोहम्मदाबाद जनपद फतेहगढ़।

**गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली कोतवाली मोहम्मदाबाद पुलिस टीम:-**

1. उ0नि0 श्री आशू कुमार
2. उ0नि0 श्री अखिलेश कुमार
3. हे0का0 धर्मेन्द्र सिंह
4. का0 दिग्विजय
5. का0 ललित कुमार

**मीडिया सेल फतेहगढ़।**

उत्तर प्रदेश पुलिस

# मिशन शक्ति 5.0 फतेहगढ़

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

1090 Women Power Line




1090 108 181 102 1076 1098 112 महिला सहायता एवं सुरक्षा चक्र

## थाना मेला श्रीरामनगरिया

मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान

# मिशन शक्ति 5.0





## थाना मऊदरवाजा

# मिशन शक्ति 5.0 फतेहगढ़



## थाना मेरापुर

#MissionShakti

# मिशन शक्ति 5.0 फतेहगढ़

मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन



## कोतवाली फर्रूखाबाद

# मिशन शक्ति 5.0 फतेहगढ़



## कोतवाली मोहम्मदाबाद

# मिशन शक्ति 5.0 फतेहगढ़



थाना जहानगंज

#Fatehgarhpolice


मिशन शक्ति 5.0
उत्तर प्रदेश
112
आपात सेवाएं
गति अवरोधक
Fatehgarh, Uttar Pradesh, In
मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन
महिला थाना
1930
101
1090
112
1076
102
108
181
1098
# Fatehgarhpolice


खण्ड लोक निर्माण विभाग, फतेहगढ़
छिबरामऊ 40 किमी.
GPS Map Camera
Punpal Pur, Uttar Pradesh, India
87wj+f2m, Punpal Pur, Uttar Pradesh 209652, India
Lat 27.346187° Long 79.279831°
Thursday, 15/01/2026 07:11 PM GMT +05:30
Google

फतेहगढ़ पुलिस

UTTAR PRADESH 112 EMERGENCY

# मिशन शक्ति अभियान से मजबूत हो रहा महिला सुरक्षा का भरोसा, पुलिस की सक्रिय मौजूदगी

न्यूजलाइन नेटवर्क

न्यूज़लाइन नेटवर्क
फर्रुखाबाद राहुल सिंह राठौर

जनपद फर्रुखाबाद में महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर पुलिस की सक्रियता लगातार दिखाई दे रही है। मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस द्वारा जनपद के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर महिलाओं से सीधा संवाद किया जा रहा है, जिससे उनमें सुरक्षा को लेकर भरोसा और आत्मविश्वास बढ़ रहा है। इस अभियान के अंतर्गत महिला थाना फर्रुखाबाद, कोतवाली फर्रुखाबाद, कोतवाली फतेहगढ़, कोतवाली मोहम्मदाबाद, थाना मऊदरवाजा, नवाबगंज, राजेपुर, शमसाबाद, कम्पिल एवं अमृतपुर पुलिस की टीमें अलग-अलग क्षेत्रों में तैनात रहीं। पुलिस कर्मियों ने सार्वजनिक स्थानों, बाजारों, ग्राम पंचायतों एवं प्रमुख चौराहों पर महिलाओं को सुरक्षा से जुड़ी आवश्यक जानकारियां प्रदान कीं। पुलिस द्वारा महिलाओं को बताया गया कि संकट की स्थिति में सहायता के लिए 1090 (वूमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 112 (आपात सेवा), 1098 एवं 1076 जैसे नंबर तुरंत मदद उपलब्ध कराते हैं। इसके साथ ही घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, साइबर अपराध और अन्य महिला अपराधों से बचाव के तरीकों पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों ने कहा कि मिशन शक्ति का मूल उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि महिलाओं को निडर बनाना और उन्हें यह विश्वास दिलाना है कि पुलिस हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रत्येक शिकायत पर संवेदनशीलता और गोपनीयता के साथ कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान के माध्यम से जनपद पुलिस महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को लगातार मजबूत कर रही है, ताकि समाज में महिलाएं स्वयं को सुरक्षित और सशक्त महसूस कर सकें।



मीडिया सेल फतेहगढ़